## सत्र – 2025–26
## आदर्श प्रश्न–पत्र
## कक्षा–10
## विषय–सामाजिक विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक – 70

सामान्य निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
3. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है। खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर दिया जाना है।
4. ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात् उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।
5. खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक–1, वर्णनात्मक–2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।
6. दिये गये मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
7. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिये गये है।

### खण्ड 'अ'

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. फ्रान्स की क्रान्ति के परिणाम स्वरूप– 1

   1–स्टेट जनरल का नाम बदल कर ''नेशनल असेंबली'' कर दिया गया।
   2–आन्तरिक आयात–निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया गया।
   3–क्षेत्रीय बोलियों को प्रोत्साहित किया गया।
   4–'फ्रेंच' राष्ट्र की साझा भाषा बन गयी।

   (A)1,2,3 (B) 2,3,4
   (C)1,2,4 (D)1,3,4

Visit CollegeDekho

2. निम्न में से कौन 'नेपोलियन संहिता' से सम्बन्धित **नहीं** है। 1

(A) जन्म पर आधारित विशेषाधिकार समाप्त कर दिये गये।

(B)कानून के समक्ष बराबरी और सम्पत्ति के अधिकार को सुरक्षित बनाया गया।

(C) 'श्रेणी–संघो' का कारीगरों पर से नियन्त्रण हटा दिया गया।

(D)फ्रांसीसी नियन्त्रण के आधीन क्षेत्रों को नेपोलियन सुधारों से मुक्त रखा गया।

3. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के लेखक हैं– 1

(A)बाल गंगाधर तिलक (B) महात्मा गाँधी

(C)वल्लभ भाई पटेल (D)लाला लाजपत राय

4. निम्न में से किसे अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में वीटो का अधिकार प्राप्त है– 1

(A)जापान (B) भारत

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका (D)श्रीलंका

5. (क) कथन– 1928 से 1934 के बीच भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गयी। 1

(ख)कारण– 1929 में विश्वव्यापी मंदी की लहर चली।

(A)'क' सही है, 'ख' गलत है।

(B) 'ख' सही है, 'क' गलत है।

(C)'क' सही है, किन्तु 'ख' की सही व्याख्या नही करता है।

(D)'क' सही है, और 'ख' की सही व्याख्या करता है।

6. बेल्जियम में 'संस्कृति, शिक्षा और भाषा जैसे मसलों पर निर्णय लेने का अधिकार है–1

(A) केन्द्रीय सरकार को (B)राज्य सरकार को

(C)सामुदायिक सरकार को (D)A एवं B दोनों को

7. अवशिष्ट विषय से क्या तात्पर्य है? 1

(A)वे विषय जो राज्य सूची के अन्तर्गत हैं।

(B)वे विषय जो समवर्तीसूची के अन्तर्गत हैं।

(C)वे विषय जो संघसूची के अन्तर्गत हैं।

(D)वे विषय जो किसी भी सूची के अन्तर्गत नहीं हैं।

Visit CollegeDekho

8. निम्नलिखित कथनों में कौन–सा एक सही नहीं है? 1

(A) भाषाई आधार पर राज्यों के निर्माण से देश ज्यादा मजबूत हुआ है।

(B) झारखण्ड एव उत्तराखण्ड राज्यों का गठन भाषा के आधार पर किया गया है।

(C) हिन्दी लगभग 40 फीसदी भारतीयों की राजभाषा है।

(D) संविधान में हिन्दी के अतिरिक्त 21 अन्य भाषाओं को राजभाषा का दर्जा गया है।

9. 'भारत में धर्म–निरपेक्ष शासन व्यवस्था का मॉडल चुना गया है।' इस संबंध में सही कथन है/हैं–
1

(A)किसी भी धर्म को राजकीय धर्म नहीं बनाया गया है।

(B)सभी नागरिकों एवं समुदायों को किसी भी धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता हैं।

(C)संविधान धर्म के आधार पर किया जाने वाले भेदभाव को अवैधानिक घोषित करता है।

(D)उपरोक्त सभी।

10. राजनीतिक दलों से सम्बन्धित सुधार संविधान संशोधन किस उद्देश्य से किया गया था? 1

(A)दल–बदल रोकने के लिए

(B)आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने हेतु

(C)चुनाव का खर्च सरकार द्वारा उठाये जाने के लिए।

(D)दलों के संगठित चुनाव कराने के लिए।

11. चिपको आन्दोलन सम्बन्धित है– 1

(A) मृदा संरक्षण

(B) वन संरक्षण

(C) जल संरक्षण

(D) वायु संरक्षण

Visit CollegeDekho

12.लम्बे चौड़े क्षेत्र में उगाई जाने वाली कृषि–प्रणाली कौन सी है? 1

(A) स्थांनातरित कृषि
(B) रोपण कृषि
(C) बागवानी
(D) गहन कृषि

13.निम्नलिखित में कौन सी टिप्पणी प्राकृतिक वनस्पति और प्राणी जात के पतन का सही कारण <u>नहीं</u> है। 1

(A) कृषि प्रसार
(B) वृहत स्तरीय विकास परियोजनाएं
(C) पशुचारण और ईधन लकड़ी एकत्रित करना।
(D) तीव्र औद्योगीकरण एवं शहरीकरण

14.निम्नलिखित में से कौन–सा राज्य हजीरा–विजयपुर जगदीशपुर पाइप लाइन से <u>नहीं</u> जुड़ा है? 1

(A) मध्यप्रदेश
(B) गुजरात
(C) महाराष्ट्र
(D) उत्तर प्रदेश

15.निम्नलिखित में से कौन–सा उद्योग बॉक्साइट को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है?1

(A) एल्यूमिनियम प्रगलन
(B) कागज
(C) सीमेंट
(D) स्टील

16.एक वस्तु का अधिकाशतः प्राकृतिक प्रकिया से उत्पादन क्षेत्रक की गतिविधि है– 1

(A) प्राथमिक
(B) द्वितीयक
(C) तृतीयक
(D) सूचना प्रौद्योगिकी

17.ऋण के औपचारिक स्त्रोतों में सम्मिलित <u>नहीं</u> है– 1

(A) बैंक
(B) सहकारी समिति
(C) नियोक्ता
(D) जमींदार

Visit CollegeDekho

18.सामान्यतः किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है? 1

(A) प्रतिव्यक्ति आय
(B) औसत साक्षरता स्तर
(C) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति
(D) उपरोक्त सभी

19.वैश्वीकरण ने जीवन–स्तर के सुधार में सहायता पहुँचाई है– 1

(A) सभी लोगों के
(B) विकसित देशों के लोगों के
(C) विकासशील देशों के श्रमिकों के
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20.निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए– 1

| | |
|---|---|
| A..एक उत्पाद के घटकों का विवरण देना | 1.उपभोक्ता कल्याण संगठनों की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था |
| B. .एगमार्क | 2.एजेन्सी जो वस्तु और सेवाओं के लिए मानक विकसित करती है |
| C.उपभोक्ता इन्टरनेशनल | 3.अनाजों और खाद्य तेल की गुणवक्ता का प्रमाण |
| D.भारतीय मानक ब्यूरों | 4.सूचना पाने का अधिकार |

उत्तर विकल्प–

(A) A-4,B-3,C-1,D-2
(B) A-3,B-4,C-1,D-2
(C) A-2,B-3,C-4,D-1
(D) A-2,B-3,C-1,D-4

## वर्णनात्मक–1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)

1. प्रथम विश्व युद्ध का ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दो प्रभावों को लिखिए। 2+2

अथवा

उन्नीसवीं सदी में मुद्रण संस्कृति के प्रसार का महिलाओं पर पड़ने वाले दो प्रभावों को लिखिए। 2+2

2.केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों में आए बदलावों को स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

Visit CollegeDekho

सत्ता के क्षैतिज वितरण से क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए। 4

3.खनिज के संरक्षण हेतु किन–किन प्रयासों की आवश्यकता है? और क्यों? 2+2

अथवा

''दिन प्रतिदिन कृषि भूमि कम हो रही है।'' क्या आप इसके परिणामों की कल्पना कर सकते है? आज की दृष्टि से इसका कृषि पर क्या प्रभाव पड़ेगा? 2+2

4.''विदेशी व्यापार विभिन्न देशों के बाजारों के एकीकरण में सहायक रहा है।''इस कथन को स्पष्ट करें। 4

अथवा

आपके विचार से एक उपभोक्ता को जागरूक होना क्यों आवश्यक है?किन्ही दो उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2+2

वर्णनात्मक–2 <u>(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)</u>

5.मारीआन और जर्मेनिया कौन थे? जिस तरह उन्हें चित्रित किया गया उसका क्या महत्व था? 2+4

अथवा

असहयोग कार्यक्रम को कब और किस अधिवेशन में स्वीकृति मिली? गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन को वापस लेने का फैसला क्यों लिया? 1+1+4

6. लोकतंत्र से क्या तात्पर्य है? लोकतंत्र के प्रमुख परिणामों को स्पष्ट कीजिए। 2+4

अथवा

राजनीतिक दल का अर्थ स्पष्ट कीजिए? वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इनके समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ कौन सी है? 2+4

7.भूमि संसाधन से क्या तात्पर्य है? संसाधन के रूप में भूमि का उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जाता है? व्याख्या कीजिए। 2+4

अथवा

जल दुर्लभता क्या है? इसके मुख्य कारणों का वर्णन कीजिए। 2+4

Visit CollegeDekho

8.तृतीयक क्षेत्र की गतिविधियों का उदाहरण दीजिए एवं यह स्पष्ट कीजिए कि तृतीयक क्षेत्र किस प्रकार प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रों के विकास में सहायता करता है? 2+4

अथवा

विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण करते हुए ऋण की चार प्रमुख शर्तों का उल्लेख कीजिए। 2+4

मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न–

9(A) इतिहास

निर्देश–दिये गये मानचित्रों में निम्न स्थानों को भरें। ½ अंक सही उत्तर तथा ½ अंक सही स्थानों के अंकन हेतु निर्धारित है।

1–वह स्थान जहाँ से सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। ½+½

2– वह स्थान जहाँ जलियांवाला बाग काण्ड हुआ। ½+½

3– वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया। ½+½

4–वह स्थान जहाँ असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। ½+½

5–वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में–

1–सविनय अवज्ञा आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ हुआ? 1
2–जलियांवाला बाग काण्ड कहाँ हुआ? 1
3–नील की खेती करने वाले किसानों ने कहाँ से आन्दोलन प्रारम्भ किया? 1
4–असहयोग आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ हुआ? 1
5–दिसम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ? 1


9(B) भूगोल

28. निम्नलिखित को भारत के दिए गये मानचित्र में चिन्हों द्वारा नाम सहित दशाइये। सही नाम तथा सही चिन्ह अंकन हेतु ½+½ अंक निर्धारित है।

1.असम का एक राष्ट्रीय पार्क ☐ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

Visit CollegeDekho

2.भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक पत्तन △ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

3.उत्तरी भारत में स्थित एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र  चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

4.दक्षिणी भारत की एक नदी ≋≋≋ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

5.उत्तर भारत में स्थित चावल उत्पादक एक क्षेत्र  चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

<u>केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में–</u>

1.असम के एक राष्ट्रीय पार्क का नाम लिखिए।

2.भारत के पश्चिमी तट पर में स्थित एक पत्तन का नाम लिखिए।

3.उत्तरी भारत में स्थित एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए।

4.दक्षिणी भारत की एक नदी का नाम लिखिए।

5.उत्तर भारत में स्थित चावल उत्पादक एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

Visit CollegeDekho